‘ऊंट अनुसंधान के क्षेत्र में एन.आर.सी.सी. की पहचान’

बीकानेर, (कासं)। भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर ने शनिवार को अपना 42 वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया।

इस अवसर पर केन्द्र के सेवानिवृत एवं कार्यरत वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत बीकानेर जिले के रासीसर, गीगासर, नापासर, खारा, सुरपुरा, सींथल आदि 12 गांवों से आये 49 पशुपालकों ने भी सहभागिता की।

■ **राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र के स्थापना दिवस पर वैज्ञानिक, उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित**

राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र के स्थापना दिवस पर स्मारिका का विमोचन डॉ अनिल कुमार पूनिया व डॉ अनिल कुमार दीक्षित ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार दीक्षित, सहायक महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय नई दिल्ली ने एनआरसीसी परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान ऊंट अनुसंधान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है। उन्होंने ऊंटनी के दूध की पोषणात्मक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए पशुपालकों को स्वयं सहायता समूह बनाकर विपणन के प्रयास तेज करने और नाबार्ड जैसे संस्थानों से सहयोग लेने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने ऊंट बोर्ड गठन, सरकारी योजनाओं के लाभ और पशुधन प्रबंधन में भागीदारी को भी महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम अध्यक्ष एवं केन्द्र निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने कहा कि ऊंट एक चलती-फिरती फार्मेसी है। अत: इसकी संख्या और उपयोगिता में वृद्धि अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ऊंटनी के दूध से बने उत्पादों, सामाजिक जागरूकता, और संबंधित प्रौद्योगिकियों का उल्लेख करते हुए युवा उद्यमियों को स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. यशपाल, निदेशक, केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान हिसार ने एनआरसीसी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यद्यपि मशीनीकरण के चलते ऊंटों की पारंपरिक उपयोगिता में कमी आई है। फिर भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह व्यवसाय अब भी लाभकारी बन सकता है।

समारोह में अतिथियों द्वारा केन्द्र के तीन प्रकाशनों जिनमें शुष्क क्षेत्र में पशुओं के लिए टिकाऊ चारा एवं चरागाह पद्धतियां, गाइड टू इन्फेक्शस कैमल डिजीज (पुस्तक), उष्ट्र पालन तकनीकी पुस्तिका का विमोचन किया गया। इसके साथ ही प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में योगदान देने वाले वैज्ञानिकों, 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने एवं उल्लेखनीय सेवा कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों एवं अनुबंध कार्मिकों को सम्मानित किया गया। ऊंटनी के दूध से बने उत्पादों का प्रदर्शन, पौधारोपण तथा एससीएसपी योजना के अंतर्गत कृषि संसाधनों का वितरण भी इस अवसर पर किया गया।

समारोह में आयोजन सचिव डॉ. योगेश कुमार ने संस्थान की अनुसंधान उपलब्धियों और उष्ट्र संरक्षण एवं विकास संबंधी प्रयासों की जानकारी दी। आयोजन सह-सचिव डॉ. प्रियंका गौतम एवं डॉ. मितुल बुम्बडिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

इंदौरा को जिला प्रमुख आवास खाली करने का नोटिस

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला मुख्यालय पर सरकारी आवास को लेकर सांसद व जिला प्रमुख के बीच विवाद बढ़ना तय है।

मामला भगत सिंह चौक के पास स्थित आवास संख्या सी-10 से जुड़ा है। इस आवास पर वर्तमान में कांग्रेसी सांसद कुलदीप इंदौरा रह रहे हैं। यह आवास उन्हें जिला प्रमुख रहने के दौरान अलॉट हुआ था। लेकिन सांसद बनने के बाद भी उन्होंने आवास खाली नहीं किया। बल्कि आवास के बाहर जिला प्रमुख की नेम प्लेट हटाकर सांसद आवास लिखवा दिया। वहीं दूसरी तरफ केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जिला प्रमुख कविता रैगर भी भाजपा से है।

जिला प्रमुख मनोनीत हुए 6 जुलाई को एक साल होने जा रहा है लेकिन आज तक उन्हें सरकारी आवास नहीं मिला है। ऐसे में तय माना जा रहा है कि जिला प्रमुख व सांसद के बीच सरकारी आवास को लेकर विवाद बढ़ेगा। हालांकि जिला प्रमुख के पत्र के बाद जिला प्रशासन ने सांसद कुलदीप इंदौरा को नोटिस जारी कर सरकारी आवास खाली करने के लिए कह दिया है। लेकिन अभी तक सांसद की ओर से प्रशासन को कोई जवाब नहीं मिला है।

जिला मुख्यालय पर सरकारी आवास की मांग कर रही जिला प्रमुख कविता रैगर पर ही गांव की फिरनी में कब्जा करने के आरोप लगे हैं। ग्रामीण दीपक कुमार, राजकुमार, हरीराम, ठाकरराम सहित अन्य ने ग्राम पंचायत गोपालसर में आयोजित शिविर में प्रार्थना-पत्र शिविर प्रभारी को सौंपा।

सेवा कार्यों के साथ शपथ ग्रहण आज

बीकानेर, (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को स्थानीय हंशा गेस्ट हाउस में आयोजित किया जायेगा।

समारोह से पूर्व वैश्य फैडरेशन द्वारा निरीह पशुओं की सेवा, ब्लड डोनेशन कैम्प व अपना घर आश्रम स्थित प्रभुजनों को भोजन करवा कर शपथ ग्रहण की जायेगी। जिलाध्यक्ष विनोद बाफना ने बताया कि सेवा त्याग और परोपकार की भावना से वैश्य समाज हमेशा आगे रहता है, जब नई कार्यकारिणी का गठन होना है। नए कार्यकाल का आरम्भ सेवा कार्यों के साथ किया जा रहा है। इस दिन अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का स्थापना दिवस भी है। सभी संयोग एक साथ बैठ रहे है। आगामी कार्यक्रमों में समाज की 26 बेटियों का सामूहिक विवाह करवाना, प्रशासनिक एवं राजनैतिक रूप से समाज को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना सेवा व परोपकार के कार्य निरन्तर जारी रखने के साथ किए जायेंगे।

इस अवसर पर महामंत्री किशन लोहिया ने बताया कि ब्लड डोनेशन कैम्प के लिए संयोजक व संयोजकों की नियुक्ति के बाद विभिन्न संस्थानों से सहमति पत्र भरवाने व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने पर हमें लोगों से अच्छे रूझान प्राप्त हो रहे हैं। जिससे ऐसा लग रहा है कि एक अच्छी संख्या में रक्तदाता रक्तदान करेंगे। शपथ ग्रहण में महिला विंग अध्यक्ष ममता राठी सहित उनकी कार्यकारिणी के 45 सदस्य व यूथ विंग अध्यक्ष मुदित खजांची के साथ उनकी कार्यकारिणी के 55 सदस्य शपथ लेंगे।

सार-समाचार

रक्तदान बैनर का विमोचन

रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के बैनर का रोशन नाहटा व जतन संचेती ने विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद (अभातेयुप) के निर्देशन में आगामी 17 सितम्बर को आयोजित होने वाले ‘रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0’ के बैनर का अनावरण आज तेरापंथ भवन गंगाशहर में उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार एवं मुनिश्री श्रेयांश कुमार जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद गंगाशहर के अध्यक्ष ललित राखेचा, मंत्री मांगीलाल बोथरा, उपाध्यक्ष देवेंद्र डागा, सहमंत्री रोशन नाहटा, सभा के मंत्री जतन संचेती, उपाध्यक्ष पवन छाजेड़, आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष गणेश बोथरा, मंत्री दीपक आंचलिया, जैन लूणकरण छाजेड़, संगीत बोथरा, जितेंद्र रांका, पूर्व अध्यक्ष अरूण नाहटा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने बैनर विमोचन में सहभागिता निभाई। अध्यक्ष ललित राखेचा ने बताया कि रक्तदान एक महादान है, यह न केवल किसी ज़रूरतमंद की जान बचाता है बल्कि समाज में सेवा और मानवता के संस्कारों को भी मजबूती देता है। उपाध्यक्ष देवेन्द्र डागा ने बताया कि गंगाशहर के तेयुप सदस्यों पीयूष लुणिया और गंगाशहर तेयुप के ब्लड डोनेशन प्रभारी विजेंद्र छाजेड़ को अभातेयुप द्वारा मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के थली क्षेत्र के प्रभारी और सह प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर 6 जुलाई को होने वाली भिक्षु दर्शन कार्यशाला और 13 जुलाई को प्रस्तावित मंत्र दीक्षा कार्यशाला के बैनर्स का भी विधिवत विमोचन किया गया।

डॉक्टर के कमरे का पंखा गिरा

सूरतगढ़, (कासं)। राजकीय अस्पताल में शुक्रवार को एक डॉक्टर के कमरे में छत पर लगा पंखा (सीलिंग फैन) गिर गया। घटना के दौरान डॉक्टर के साथ सदर पुलिस थाने के सहायक उप निरीक्षक सोहनलाल, महिला कांस्टेबल भी मौजूद थे। दोनों मेडिकल रिपोर्ट से संबंधित काम के लिए आये हुए थे। डॉक्टर दीपेश सोनी ने बताया कि घटना दोपहर डेढ़ बजे की है। उस वक्त एएसआई सोहनलाल उनके कमरे में बैठे थे। इसी दौरान सीलिंग फैन उनके सामने लगी टेबल पर आ गिरा। इससे सहायक उप निरीक्षक सोहन लाल के सिर में जख्म हो गया। वहीं महिला कांस्टेबल के भी पीठ में हल्की चोटें आई है। जबकि वे स्वयं बाल-बाल बच गए। पुलिस कर्मचारियों की अस्पताल में तुरंत पट्टी की गई। डॉ. सोनी ने बताया कि अस्पताल की छत में लम्बे समय से सीलन की समस्या बनी हुई है। संभवत इसी वजह से उसमें लगा हुक जंग लगने के कारण कमजोर होकर टूट गया और पंखा नीचे आ गिरा। मामले की जानकारी सीएमएचओ को भी दी गई है। उन्होंने इस संबंध में अस्पताल प्रभारी डॉ. नीरज सुखीजा से फिजिकल रिपोर्ट मांगी है।

31 साल पुराना रास्ता खोला

अनूपगढ़, (कासं)। ग्राम पंचायत 78 जीबी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल अभियान का आयोजन किया गया। एसडीएम सुरेश राव ने चक 86 जीबी-ए के 31 वर्ष पुराने विवादित रास्ते को खुलवाकर ग्रामीणों को राहत दी। शिविर में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। एसडीएम ने 53 आवासीय पट्टों का वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के 8 लाभार्थियों को किश्त जारी की गई। 19 लाभार्थियों के शौचालय स्वीकृत किए गए। कृषि विभाग ने 20 मृदा कार्ड वितरित किए।

लेनदेन के आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल युवक की मौत

बीकानेर, (कासं)। पुलिस की ओर से पहले मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। अब पुलिस ने हत्या का मामला बनाकर जांच शुरू कर दी है।

लेनदेन के आपसी विवाद के चलते 26 जून को गंगाशहर थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट की गई। उसे इलाज के लिए पहले पीबीएम अस्पताल और फिर जोधपुर एम्स में रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अब मारपीट का ये मामला हत्या में तब्दील हो गया है। इस मामले में तीन युवकों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दो अन्य अब तक फरार है।

एडिशनल एसपी सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि 26 जून की रात को गंगाशहर थाना क्षेत्र के चौपड़ा बाड़ी में जंभेश्वर नगर निवासी विष्णु सियाग पर लाठियों, लोहे के पाइप से हमला किया गया था। जान से मारने की नीयत से उस पर कैम्पर गाड़ी चढ़ा दी गई थी। गंभीर रूप से घायल विष्णु को पहले पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया जहां से जोधपुर एम्स रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अब ये मामला हत्या में तब्दील हो गया है। इस मामले में बाबूलाल जाट, रामचंद्र जाट और मनीष जाट को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि राधेश्याम और सुखदेव जाट अब तक फरार है। इनकी तलाश की जा रही है। शुक्रवार को विष्णु की मौत के बाद पुलिस ने नए सिरे से दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

■ **रंजिश के चलते सरियों से पीटा था, जोधपुर एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ा**

पुलिस ने इस मामले में पांच जनों पर नामजद मामला ही दर्ज किया था। इस मामले में बाबूलाल की गिरफ्तारी गुरूवार को हुई। सभी गिरफ्तार आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में दर्ज एफआईआर में एक महिला का भी नाम है। उस पर बदमाशों को बुलाकर विष्णु पर हमला करवाने का आरोप है।

युवक के साथ मारपीट : श्रीगंगानगर में 17 एमएल पठानवाला गांव निवासी बलजीत कौर ने गांव के कुछ युवकों पर उसके बेटे से मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जयमल, विनोद, बबलू निवासी पठानवाला और 3-4 अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

परिवादिया ने बताया कि उसका बेटा ट्रैक्टर से खेत जा रहा था। आरोपियों ने रास्ते में ट्रैक्टर रोककर उससे मारपीट की। इससे उसके बेटे के सिर में गंभीर चोटें आई।

गांजा तस्करी के दोषी को दो साल की सजा

श्रीगंगानगर, (कासं)। गांजा तस्करी के दोषी को दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने यह फैसला सुनाया। दोषी सोनू भाटिया पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी छजगरिया मोहल्ला, अशोकनगर बी, श्रीगंगानगर पर 10 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अर्थदंड जमा नहीं करवाने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायालय के एसपीपी विजेंद्र घिंटाला ने बताया कि दोषी सोनू भाटिया को जवाहर नगर थाना पुलिस ने 21 अगस्त 2019 को कालूवाला हैड के पास गिरफ्तार किया गया था। तत्कालीन थाना प्रभारी ज्योति नायक को इलाके में गांजा तस्करी को लेकर मुखबिर की सूचना मिली थी। बारह मासी नहर के पटड़े के नजदीक दोषी सोनू भाटिया के पास थैले में 1.800 किग्रा. गांजा बरामद हुआ था।

महीने में चार दिन गांव में रूकेंगे शिक्षा अधिकारी

बीकानेर, (कासं)। प्रदेश के शिक्षा अधिकारियों को अब महीने में चार दिन गांव में ही रात गुजारनी होगी। इस दौरान ग्रामीणों से मिलकर अपने क्षेत्र के स्कूलों की समस्याओं पर चर्चा करनी होगी और इन्हें दूर भी करना होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अप्रैल महीने में ही शिक्षा अधिकारियों को अपने- अपने क्षेत्र के स्कूल में महीने में चार दिन रहने के आदेश दिए थे। जिसकी पालना अब तक नहीं होने पर अब माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने रिमाइंडर आदेश जारी किया है।

ग्राम पंचायत के सभी स्कूलों के प्रभारी यानी पीईईओ और उससे ऊपर के सभी अधिकारियों को सप्ताह में चार रात गांव में ही रहकर गुजारनी होगी। इस दौरान ग्रामीणों के साथ मीटिंग करके शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर चर्चा करनी होगी। इस दौरान भवन, पानी, बिजली, पढाई जैसे मुद्दों पर ग्रामीणों से बात करनी होगी। वैसे भी शिक्षा विभाग में कार्यरत टीचर्स और अधिकारियों को पदस्थापन स्थल के पंद्रह किलोमीटर के भीतर स्थित एरिया में ही रहना होता है।

■ **ग्रामीणों से मिलकर स्कूलों की समस्याओं पर करेंगे चर्चा**

इसी कारण उन्हें उस क्षेत्र का किराया भत्ता आदि मिलता है। हकीकत में गांव में रहने के बजाय टीचर सौ से डेढ़ सौ किलोमीटर तक आना-जाना (अप डाउन) करते हैं। ऐसे में महज चार दिन ही गांव में रूकने के आदेश को लेकर सवाल खड़ा हो रहा है।

17 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण

नोखा, (कासं)। यहा मांगीलाल बागड़ी जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों के लिए विशेष पहल की जा रही है। अस्पताल में हर मोतियाबिंद के मरीजों के लिए नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण कैम्प का आयोजन किया गया।।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हिना सम्मेजा इस कैम्प में मरीजों का उपचार करती है। प्रक्रिया के तहत मरीजों की जांच की जाती है। जांच में योग्य पाए जाने वाले मरीजों का लैंस प्रत्यारोपण किया जाता है। यहा आयोजित कैम्प में 17 मरीजों की आंखों में लैंस प्रत्यारोपण किया।

राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Tel.No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Add:- UIT Office, Model Town, SGNR (Raj.) 335001
क्र:- नियोजन/2025/839 **विज्ञप्ति** दि. 26.6.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 18/19 किला नं. 6 में भूखण्ड संख्या 6 क्षेत्रफल 30'-0" गुणा 48'-0" फीट का आवासीय पट्टा सं. 10655 दिनांक 18.01.2021 द्वारा श्री सुरेन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री मोतीराम निवासी श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रस्तगत क्षेत्र का भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि) / 2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौडाई की सड़कों के दोनो ओर सड़क की चौडाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग सीधे ही अनुमत है। मास्टर प्लान 2017-35 एवं राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के अनुसार मिश्रित भू उपयोग में वाणिज्यिक भू उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे लीजडीड में अंकित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

बीकानेर में बारिश ने तरसाया, पारा 40 पहुंचा

बीकानेर, (कासं)। यहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी के बाद पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। एक ओर जहां पूर्वी राजस्थान में पानी ही पानी है। वहीं बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश बारिश को तरस गए हैं।

मौसम विभाग की ओर से शनिवार सुबह जारी चेतावनी में बीकानेर का नाम नहीं है। एब बार फिर पूर्वी राजस्थान में ही बारिश की चेतावनी दी गई है। सवाई माधोपुर, बूंदी, टोंक, भीलवाड़ा, जयपुर, दौसा, नागौर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली सहित अनेक क्षेत्रों में बारिश हो रही है लेकिन बीकानेर में कहीं उम्मीद नहीं है। निकटवर्ती जिले झुंझुनूं और नागौर में बारिश है लेकिन बीकानेर में रिमझिम के भी आसार नहीं है। इस बीच लगातार बढ़ रही उमस ने रोगियों की संख्या बढ़ा दी है। उमस के कारण उल्टी, दस्त और घबराहट के रोगी अस्पताल में बढ़े हैं। बीकानेर में शनिवार को भी बादलों की आहट तो है लेकिन बारिश नहीं हो रही।

■ **उमस के कारण उल्टी, दस्त और घबराहट के रोगी अस्पताल में बढ़े**

सैटेलाइट इमेज से साफ है कि बीकानेर पर बादलों का इतना डेरा नहीं है कि बरस सके। बीकानेर 29 जून को मानसून आना था लेकिन एक सप्ताह बाद भी बारिश नहीं हुई।

बाइक चोरी के मुकदमे दर्ज

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला मुख्यालय पर बाइक चोर गिरोह की सक्रियता थानों में दर्ज हो रहे मामलों से सामने आ रही है। तीन अलग-अलग थानों में बाइक चोरी के केस दर्ज हुए।

कोतवाली थाना में दर्ज केस में परिवादी रोशन निवासी सुदामा नगर ने बताया कि वह 23 जून को एच ब्लॉक में किसी काम से आया था। इस दौरान बाइक सड़क किनारे खड़ी की। वापस लौटा तो बाइक नहीं मिली। सदर थाने में अंधविद्यालय के पास से बुधवार को चोरी हुई बाइक के संबंध में एफआईआर दर्ज हुई है। परिवादी सुरेन्द्र यादव निवासी 3 ई छोटी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बाइक चोरी का केस दर्ज करवाया। जवाहर नगर थाना में गुरुवार को गणपति नगर निवासी नरेंद्र राज ने बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज करवाई।

बीकानेर कैनाल में पानी कम होने पर किसानों की चेतावनी

श्रीगंगानगर, (कासं)। पंजाब से बीकानेर कैनाल में पानी के उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। पंजाब में आरडी 45 से बीकानेर कैनाल में 1700 क्यूसेक पानी ही रह गया। राजस्थान बॉर्डर के खखां हैड पर भी पानी की मात्रा घटकर 1100 क्यूसेक रह गई।

पानी की मात्रा कम होने पर किसान व्यापारी मजदूर समिति के प्रतिनिधि कलेक्टर से मिले तथा बीकानेर कैनाल में 2100 से 2200 क्यूसेक पानी उपलब्ध करवाने सहित पांच सूत्री मांगों के संबंध में प्रशासन व सिंचाई अधिकारियों पर वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर 7 जुलाई को कलेक्ट्रेट के आगे प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है। किसान व्यापारी मजदूर समिति के कालू थोरी, पूर्व विधायक राजकुमार गौड़, सोना देवी बावरी, मनिंदर मान, इंद्राज पूनियां, अवतार सिंह, हैप्पी ढिल्लो आदि कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा कलेक्टर से मिलकर बताया कि प्रशासन व सिंचाई अधिकारियों ने 23 जून को किसानों के साथ हुए समझौते मे बीकानेर कैनाल में 2100 से 2200 क्यूसेक पानी नियमित देने, अधिक पानी लेने के प्रयास करने, पानी चोरी रोकने के लिए नियमित गश्त व्यवस्था करने सहित पांचों मांगें पूरी करने का किसानों को आश्वासन दिया था। लेकिन अब न तो पानी मिल रहा है तथा न ही पानी चोरी रोकने के लिए गठित टीमें गश्त कर रही है।

■ **बीकानेर कैनाल में पानी कम होने पर किसानों ने 7 को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन की चेतावनी दी**

नहरों में पानी नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश है। समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि मांगें पूरी नहीं हुई तो 7 जुलाई को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया जायेगा।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 4-07-2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 49 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 25"गुणा 60'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री कृष्णा लाल पुत्र आत्माराम निवासी चक 2 ई छोटी छेड विहार 3 श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो वह अपनी आपति मय सबुत आपति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री कृष्णा लाल पुत्र आत्माराम निवासी चक 2 ई छोटी छेड विहार 3 श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 49 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 25"गुणा 60'-0" फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा । न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
RajKaj Ref No.: 16295864 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 30-06-2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला नं. 13 से 21 में भूखण्ड माप 30"गुणा 25'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती कर्मजीत कौर पत्नी श्री गुरदीप सिंह निवासी, 21 बी.बी 23 बी. बी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो वह अपनी आपति मय सबुत आपति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती कर्मजीत कौर पत्नी श्री गुरदीप सिंह निवासी 21 बी.बी 23 बी. बी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला नं. 13 से 21 में भूखण्ड माप 30"गुणा 25'-0" फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा । न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
RajKaj Ref No.: 16000651 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

मुनि कमल कुमार ने दी अहिंसा की साधना व समाज सुधार की प्रेरणा

बीकानेर, (कासं)। आचार्य श्री महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार एवं मुनि श्रेयांस कुमार ठाणा 6 का चातुर्मासिक प्रवेश शनिवार सुबह 7:31 बजे बोथरा भवन से विहार कर तेरापंथ भवन, गंगाशहर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति से ओतप्रोत स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुनि कमल कुमार ने कहा कि चातुर्मास धर्म आराधना का महत्वपूर्ण काल है, जिसमें साधु एक स्थान पर रहकर तप, ध्यान और स्वाध्याय करते हैं। यह काल जीवों की उत्पत्ति का होता है, जिससे अहिंसा भाव की रक्षा के लिए साधु एक स्थान पर ठहरते हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य महाश्रमण युगीन समस्याओं को मिटाने का प्रयास कर रहे हैं। आज विवाह जैसे पवित्र आयोजनों में भी अनेक विकृतियां घुस गई हैं। उससे धार्मिकों को बचना चाहिए। मुनिश्री ने विशेष रूप से फूलों की होली, प्री-वेडिंग शूट्स, और अंधाधुंध आधुनिकता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे समाज का नैतिक पतन हो रहा है। फूलों की होली में असंख्य सूक्ष्म जीवों की हिंसा होती है, इससे निकाचित कर्म बंधते हैं। यह कदापि उचित नहीं है। समाज को इन कुरीतियों से मुक्त करना जरूरी है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे आदर्श जीवन जीएं, भोग-विलास नहीं बल्कि संयम और साधना को अपनाएं।

मुनि कमल कुमार एवं मुनि श्रेयांस कुमार चातुर्मासिक प्रवेश कर शनिवार सुबह 7:31 बजे बोथरा भवन से विहार कर तेरापंथ भवन गंगाशहर पहुंचे।

■ **गंगाशहर में चातुर्मासिक प्रवेश पर अभिनंदन समारोह सम्पन्न**

मुनिश्री ने कहा कि चातुर्मास काल में सामायिक, जप, तप, स्वाध्याय और ध्यान का अधिक से अधिक अभ्यास करना चाहिए। अर्हत वंदना घर-घर में होनी चाहिए और उपवास का क्रम नियमित चले। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री महाश्रमण के सानिध्य में किशोरों को सघन साधना शिविर में भेजकर उन्हें आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर करें।

100 लेसुवा के पौधे लगाए

हनुमानगढ़, (कासं)। यहां हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की गई। शनिवार को जंक्शन स्थित पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुलिस विभाग के अधिकारियों और मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्यों ने मिलकर लेसुवा प्रजाति के 100 पौधों का रोपण किया। सभी पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाये गए। कार्यक्रम में एएसपी जनेश सिंह तंवर, सीओ सिटी मीनाक्षी चौधरी और विभिन्न थानों के प्रभारी उपस्थित रहे। एसपी हरिशंकर ने मानव उत्थान सेवा समिति के पर्यावरण संरक्षण प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन भी पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मानव उत्थान सेव